Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to give the sewing work of soldiers dress to Sholapur garments association.

डॉ. जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत आभार ।

महोदय, शोलापुर से कई देशों में स्कूल यूनिफॉर्म निर्यात किया जाता है । शोलापुर शहर में वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में काम करने वाले प्रशिक्षित और कुल कामगारों की संख्या करीब 20,000 से अधिक है । यह जानकारी है कि सेना के सैनिकों की वर्दी में कुछ बदलाव किया गया है । सैनिकों की वर्दी सिलाई का काम जब शोलापुर गारमेंट एसोसिएशन को सौंपा गया तो निर्धारित समय में तथा सेना के मापदंड के अनुसार, सेना की वर्दी सिला कर देने की तैयारी शोलापुर गारमेंट एसोसिएशन ने की है । शोलापुर में वर्ष 2014 में भारत के विकास पुरुष, देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी सार्वजनिक तौर पर शोलापुर के गारमेंट उद्योग में देश के लाखों सैनिकों की वर्दी सिलाई की क्षमता होने का विश्वास जताया था ।

अत: मैं आपके माध्यम से माननीय रक्षा मंत्री जी से विनम्र निवेदन करता हूँ कि प्रायोगिक आधार पर सैनिकों की वर्दी सिलाई का काम शोलपुर गारमेंट एसोसिएशन को देने बाबत उचित निर्णय लेने की कृपा करें ।